# सर्वे (सर्वेक्षण)

## क्या हम सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए अच्छा काम कर रहे हैं?

काम हमेशा उम्मीद के मुताबिक नहीं होता है। यही बात काम पर स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए भी सच है। ये प्रश्न अच्छे स्वास्थ्य और सुरक्षा परिणामों की नींव के बारे में हैं। आपके उत्तर - कर्मचारियों से मिले उत्तरों के साथ - यह जाँचने में मदद करेंगे कि हमारे स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रयास कैसे काम कर रहे हैं।

इस सर्वे को पूरा करने में आपको लगभग **10 मिनट** लगेंगे।
**धन्यवाद**।

---

## हमारे नेतृत्व के बारे में कुछ प्रश्न

एक नेता के रूप में, क्या आप काम पर सबको यह स्पष्ट करते हैं कि स्वास्थ्य और सुरक्षा एक उच्च प्राथमिकता है?
क्या आपके कामों से यह पता चलता है कि यह महत्वपूर्ण है?

✓ कृपया उस बॉक्स पर टिक करें (सही का निशान लगाएं) जो यह दर्शाता है कि आप प्रत्येक प्रश्न से कितना सहमत या असहमत हैं।

आप अंतिम पृष्ठ पर दिए गए स्थान में इस विषय के बारे में कोई भी टिप्पणी छोड़ सकते हैं।

| | | 5<br>पूर्णतः सहमत | 4<br>सहमत | 3<br>न तो सहमत और न ही असहमत | 2<br>असहमत | 1<br>पूर्णतः असहमत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1.1 | हमारे पास कर्मचारियों की **सुरक्षा** को होने वाले खतरों से निपटने के लिए एक स्पष्ट कार्यनीति* है<br>* किसी विशिष्ट लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक उच्च स्तरीय मास्टर प्लान | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 1.2 | कार्यस्थल पर कर्मचारियों के **स्वास्थ्य** को होने वाले खतरों से निपटने के लिए हमारे पास एक स्पष्ट कार्यनीति* है<br>* किसी विशिष्ट लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक उच्च स्तरीय मास्टर प्लान | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 1.3 | जब मैं निर्णय लेता/लेती हूँ तो स्वास्थ्य और सुरक्षा दोनों पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में विचार करता/करती हूँ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 1.4 | मैं यह सुनिश्चित करना चाहता/चाहती हूँ कि कर्मचारियों की **सुरक्षा** सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त संसाधन (जिसमें लोग, समय, धन और सहायता शामिल हैं) उपलब्ध हों | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 1.5 | मैं यह सुनिश्चित करता/करती हूँ कि कार्यस्थल पर कर्मचारियों के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए संसाधन (जिसमें लोग, समय, धन और सहायता शामिल हैं) उपलब्ध हों | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |

| | | 5 पूर्णतः सहमत | 4 सहमत | 3 न तो सहमत और न ही असहमत | 2 असहमत | 1 पूर्णतः असहमत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1.6 | हमारे पास एक प्रक्रिया है - जिसके बारे में मैं पुष्टि करता/करती हूँ कि ऐसा होता है - जिसमें कर्मचारियों और उनके प्रतिनिधियों को शामिल किया जाता है ताकि यह जाँचा जा सके कि संस्था खतरे और व्यापक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का प्रबंधन कितनी सफलतापूर्वक करती है | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 1.7 | मैं सुनिश्चित करता/करती हूँ कि संसाधन (उदाहरण के लिए प्रशिक्षण, कोचिंग, फीडबैक, उपकरण और सहायता के लिए) उपलब्ध हों ताकि कर्मचारी सक्षम हों और उनके पास सुरक्षित रूप से काम करने के लिए आवश्यक चीजें हों | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 1.8 | मेरे द्वारा लिए गए निर्णयों और की गई कार्रवाइयों के कारण, कर्मचारी स्वास्थ्य और सुरक्षा के बारे में ईमानदारी से बातचीत करने, या मेरे साथ स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को उठाने के बारे में चिंतित नहीं हैं | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 1.9 | मेरे द्वारा लिए गए निर्णय और की गई कार्रवाइयां यह साबित करती हैं कि मैं स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध हूँ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 1.10 | मैं यह सुनिश्चित करता/करती हूँ कि समय और संसाधन उपलब्ध हों, ताकि शारीरिक या मानसिक रूप से अस्वस्थ कर्मचारी वैकल्पिक/सीमित काम कर सकें | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 1.11 | हमारे यहाँ स्वास्थ्य और सुरक्षा में सुधार के लिए एक सक्रिय प्रक्रिया है | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |

आपको अगले प्रश्न (ठेकेदारों के बारे में) को केवल तभी रेट करना होगा, जब आपके सर्वे में उसके बगल वाले बॉक्स में टिक (सही का निशान) लगा हो ✓ 1.12, ताकि यह पता चल सके कि यह कथन आपके व्यवसाय के लिए प्रासंगिक है। अन्यथा, सर्वे को जारी रखने के लिए सीधे प्रश्न 2.1 पर जाएं।

| | | 5 पूर्णतः सहमत | 4 सहमत | 3 न तो सहमत और न ही असहमत | 2 असहमत | 1 पूर्णतः असहमत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ○ 1.12 | मैं यह सुनिश्चित करता/करती हूँ कि ठेकेदार सक्षम हों तथा उनके पास सुरक्षित रूप से काम करने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध हों | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |

# हम कर्मचारियों को कैसे शामिल करते हैं, इस बारे में प्रश्न

क्या आप कर्मचारियों के लिए यह समझना आसान बनाते हैं कि काम पर खुद को और दूसरों को कैसे सुरक्षित और स्वस्थ रखा जाए? क्या आप कर्मचारियों के लिए आसान बनाते हैं कि वे इस बारे में निष्पक्ष राय रख सकें कि काम कैसे किए जाएं?

✓ कृपया उस बॉक्स पर टिक करें (सही का निशान लगाएं) जो यह दर्शाता है कि आप प्रत्येक प्रश्न से कितना सहमत या असहमत हैं।

आप अंतिम पृष्ठ पर दिए गए स्थान में इस विषय के बारे में कोई भी टिप्पणी छोड़ सकते हैं।

| | | 5 पूर्णतः सहमत | 4 सहमत | 3 न तो सहमत और न ही असहमत | 2 असहमत | 1 पूर्णतः असहमत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2.1 | मैं कर्मचारियों से स्वास्थ्य और सुरक्षा के विषय में उनकी समझ के अनुसार बात करता/करती हूँ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 2.2 | हम यह निर्णय लेने में कर्मचारियों और उनके प्रतिनिधियों को शामिल करते हैं कि स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी खतरों से कैसे निपटा जाएगा | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 2.3 | यदि कर्मचारी या कोई अन्य व्यक्ति खतरे में हो तो उन्हें उपयुक्त कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 2.4 | हम स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी मामलों पर कर्मचारियों की प्रतिक्रिया और विचार प्राप्त करते हैं तथा उन पर विचार करते हैं | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 2.5 | हमारे पास कर्मचारियों को शामिल करने और स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के बारे में अपनी बात रखने के लिए एक सहमत प्रक्रिया है | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 2.6 | हमारे पास स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी मतभेदों/चिंताओं को सुलझाने के लिए एक अच्छी प्रक्रिया है | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 2.7 | मैं यह सुनिश्चित करता/करती हूँ कि हमारे पास कर्मचारियों और उनके प्रतिनिधियों को स्वास्थ्य और सुरक्षा में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने और समर्थन देने हेतु समय, संसाधन और प्रक्रियाएं हैं | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |

# हम खतरों का प्रबंधन कैसे करते हैं, इस बारे में प्रश्न

हम कार्यस्थल पर सुरक्षा संबंधी खतरों का इंतजाम कितनी अच्छी तरह से करते हैं? हम काम से जुड़े कर्मचारियों के स्वास्थ्य को होने वाले खतरों का इंतजाम कितनी अच्छी तरह करते हैं?

✓ कृपया उस बॉक्स पर टिक करें (सही का निशान लगाएं) जो यह दर्शाता है कि आप प्रत्येक प्रश्न से कितना सहमत या असहमत हैं।

आप अंतिम पृष्ठ पर दिए गए स्थान में इस विषय के बारे में कोई भी टिप्पणी छोड़ सकते हैं।

| | | 5 पूर्णतः सहमत | 4 सहमत | 3 न तो सहमत ना असहमत | 2 असहमत | 1 पूर्णतः असहमत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3.1 | हम कर्मचारी **सुरक्षा** संबंधित खतरों की पहचान करते हैं | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 3.2 | हम कार्यस्थल पर कर्मचारियों के **स्वास्थ्य** के लिए खतरों की पहचान करते हैं | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 3.3 | कर्मचारी हमेशा अपनी बात रखते हैं तथा स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी खतरों एवं घटनाओं की रिपोर्ट करते हैं। | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 3.4 | हम स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी खतरों का आकलन करते हैं | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 3.5 | हमने ऐसे कामों के खतरे को कम करने के लिए कार्रवाई (नियंत्रण उपाय) की है जिनसे गंभीर नुकसान हो सकता है | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 3.6 | हम नियमित रूप से जाँच करते हैं कि खतरे को कम करने के लिए हमारे द्वारा उठाए गए कदम (नियंत्रण उपाय) अभी भी कर्मचारियों और अन्य लोगों को स्वस्थ और सुरक्षित रख रहे हैं | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 3.7 | हमारे पास प्रत्येक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा घटना की जाँच करने की प्रक्रियाएं हैं, तथा ऐसी घटना के दोबारा घटित होने की संभावना को कम करने के लिए परिवर्तन किए जाते हैं | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 3.8 | हमारे पास एक आपातकालीन योजना है जिसके बारे में कर्मचारियों को जानकारी है | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 3.9 | हम **मैनुअल हैंडलिंग** (हाथों से किए जाने वाले काम) से होने वाले खतरों का यथासंभव सर्वोत्तम प्रबंधन करते हैं* <br> * उदाहरण के लिए, भार उठाना, (सामान) ढोना, खींचना, धकेलना, बार-बार दोहराए जाने वाले काम | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| 3.10 | हम **फिसलने, ठोकर लगने और गिरने** से होने वाले खतरों का यथासंभव सर्वोत्तम प्रबंधन करते हैं* <br> * उदाहरणों में बिखरे (फैले) हुए सामान को हटाना, फर्श की उपयुक्त सतह रखना शामिल हो सकता है | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |

| | 5 पूर्णतः सहमत | 4 सहमत | 3 न तो सहमत ना असहमत | 2 असहमत | 1 पूर्णतः असहमत |
|---|---|---|---|---|---|
| **3.11** हम **दादागिरी** (बार-बार, अनुचित और हानिकारक व्यवहार जैसे कि गलत नाम से पुकारना/ अपमान करना) से होने वाले खतरों का यथासंभव सर्वोत्तम प्रबंधन करते हैं*<br>* उदाहरणों में प्रशिक्षण, शिकायतों की रिपोर्ट करने/प्रतिक्रिया देने की प्रक्रियाएँ शामिल हो सकती हैं | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| **3.12** हम **थकान** से होने वाले खतरों का यथासंभव सर्वोत्तम प्रबंधन करते हैं*<br>* उदाहरणों में काम करने का एक अच्छा वातावरण (जैसे कि विश्राम क्षेत्र) और नियमित ब्रेक/अवकाश शामिल हो सकते हैं | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| **3.13** मुझे यकीन है कि संस्था **काम -संबंधी तनाव** से होने वाले जोखिमों को यथासंभव सर्वोत्तम ढंग से प्रबंधित करती है*<br>* उदाहरणों में अत्यधिक कार्यभार को प्रबंधित करना, नियमित ब्रेक को प्रोत्साहित करना शामिल हो सकता है | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| **3.14** हम **यौन-उत्पीड़न** से होने वाले खतरों का यथासंभव सर्वोत्तम प्रबंधन करते हैं*<br>* उदाहरण के लिए, कर्मचारियों को प्रशिक्षण देना तथा शिकायतों की रिपोर्ट करने और उनका जवाब देने के लिए प्रक्रियाएं बनाना | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |

प्रश्नों का अगला समूह उन खतरों के बारे में है जो आपके व्यवसाय में होने वाले काम के लिए प्रासंगिक हो भी सकते हैं और नहीं भी। प्रत्येक प्रश्न के लिए, आपको उसे केवल तभी रेटिंग देनी होगी यदि उसके नंबर के आगे वाले बॉक्स पर सही का निशान लगा ✓ ⟨#⟩ हो।

| | 5 पूर्णतः सहमत | 4 सहमत | 3 न तो सहमत और न ही असहमत | 2 असहमत | 1 पूर्णतः असहमत |
|---|---|---|---|---|---|
| ○ **3.15** हम **शोर** से होने वाले खतरों का यथासंभव सर्वोत्तम प्रबंधन करते हैं*<br>* उदाहरणों में शोर करने वाली मशीनों को हटाना, कम शोर करने वाले मॉडल खरीदना, कान के मफ उपलब्ध कराना शामिल हो सकते हैं | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| ○ **3.16** हम **धूल** से होने वाले खतरों का यथासंभव सर्वोत्तम प्रबंधन करते हैं*<br>* उदाहरणों में गीली कार्य पद्धति या धूल नियंत्रण पद्धति का उपयोग शामिल हो सकता है | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| ○ **3.17** हम **खतरनाक पदार्थों** से होने वाले खतरों का यथासंभव सर्वोत्तम प्रबंधन करते हैं*<br>* उदाहरणों में कम हानिकारक पदार्थों का उपयोग, कर्मचारियों को प्रशिक्षण देना शामिल हो सकता है | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |

| | | 5 पूर्णतः सहमत | 4 सहमत | 3 न तो सहमत और न ही असहमत | 2 असहमत | 1 पूर्णतः असहमत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ○ 3.18 | हम **कंपन** या थरथराहट से होने वाले खतरों का यथासंभव सर्वोत्तम प्रबंधन करते हैं* <br> * उदाहरण के लिए, लंबे समय तक बिजली से चलने वाले हाथ के औजारों के इस्तेमाल से या कंपन वाली सतह पर बैठने से | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| ○ 3.19 | हम **हिंसा** से होने वाले खतरों का यथासंभव सर्वोत्तम प्रबंधन करते हैं* <br> * उदाहरणों में प्रशिक्षण, कार्यस्थल लेआउट शामिल हो सकता है जो केवल कर्मचारियों तक पहुंच को प्रतिबंधित करता है | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| ○ 3.20 | हम **ड्राइविंग** (गाड़ी चलाने) से होने वाले खतरों का यथासंभव सर्वोत्तम प्रबंधन करते हैं* <br> * उदाहरणों में प्रशिक्षण देना, उद्देश्य के लिए अनुकूल और अच्छी तरह से रखरखाव किए गए वाहन शामिल हो सकते हैं | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| ○ 3.21 | हम **मशीनरी** के साथ काम करने से होने वाले जोखिमों का यथासंभव सर्वोत्तम प्रबंधन करते हैं* <br> * उदाहरण के लिए, चलते हिस्सों, शोर, धूल, गर्मी, भाप, धुआं, रेडिएशन (विकिरण) से | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| ○ 3.22 | हम **सौर UV विकिरण** (उदाहरण के लिए, त्वचा कैंसर) से होने वाले खतरों का यथासंभव सर्वोत्तम प्रबंधन करते हैं* <br> * उदाहरणों में छाया (छप्पर) स्थापित करना, सुरक्षात्मक कपड़े प्रदान करना शामिल हो सकता है | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| ○ 3.23 | हम **खतरनाक ऊर्जा** से होने वाले खतरों का यथासंभव सर्वोत्तम प्रबंधन करते हैं* <br> * ये मशीनरी या उपकरणों में ऊर्जा के स्रोत होते हैं, उदाहरण के लिए, विद्युत, यांत्रिक, थर्मल (तापीय) | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| ○ 3.24 | हम **ऊंचाई पर काम** करने से होने वाले खतरों का यथासंभव सर्वोत्तम प्रबंधन करते हैं* <br> * उदाहरण के लिए, गिरने से, गिरती हुई सामग्री से | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| ○ 3.25 | हम **सीमित स्थानों** पर काम करने से होने वाले खतरों का यथासंभव सर्वोत्तम प्रबंधन करते हैं* <br> * उदाहरण के लिए, टैंक (टंकियाँ), मैनहोल, बर्तन, कंटेनर | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| ○ 3.26 | हम **मोबाइल प्लांट** से होने वाले खतरों का यथासंभव सर्वोत्तम प्रबंधन करते हैं* <br> * उदाहरण के लिए, फोर्कलिफ्ट, ऊपर उठने वाले प्लेटफॉर्म, क्रेन, मिट्टी हटाने वाली मशीनरी | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |

| | 5 पूर्णतः सहमत | 4 सहमत | 3 न तो सहमत और न ही असहमत | 2 असहमत | 1 पूर्णतः असहमत |
|---|---|---|---|---|---|
| ○ 3.27 हम **पशुओं** से होने वाले खतरों (उदाहरण के लिए, काटने से एलर्जी) का यथासंभव सर्वोत्तम प्रबंधन करते हैं* <br>* उदाहरण के लिए, जिन पालतू जानवरों (जैसे कि मवेशी) के साथ काम किया जाता है, संपत्तियों पर रखे हुए पालतू जानवर (जैसे कि कुत्ते, बिल्ली) जहाँ कर्मचारी जाते हैं | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| ○ 3.28 हम **जैविक जोखिमों** से होने वाले खतरों का यथासंभव सर्वोत्तम प्रबंधन करते हैं* <br>* उदाहरण के लिए, (हमारे) शरीर से निकलने वाले तरल पदार्थ (जैसे कि रक्त, मूत्र) से, जानवरों या पशु उत्पादों से | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| ○ 3.29 हम **तापमान में बहुत अधिक भिन्नता** में काम करने से होने वाले खतरों का यथासंभव सर्वोत्तम तरीके से प्रबंधन करते हैं* <br>* उदाहरण के लिए, भट्टी से निकलने वाली गर्मी, ठंडे भंडार में, ज्यादा गर्मी वाली गर्मियां, ठंडी सर्दियाँ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| ○ 3.30 जहां तक संभव हो हम घर से काम करने वाले कर्मचारियों के **मानसिक स्वास्थ्य** के खतरों का प्रबंधन करते हैं* <br>* इसका मतलब यह है कि आपकी परिस्थितियों में कौन से काम संभव हैं, और इनमें से कौन सा काम करना उचित है। उदाहरणों में नियमित संचार पद्धति, नियमित ब्रेक (विराम) को प्रोत्साहित करना तथा काम -जीवन के बीच संतुलन बनाए रखना शामिल हो सकता है | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |

क्या आप हमें कुछ और बताना चाहते हैं? आप नीचे दी गई जगह में ऐसा कर सकते हैं।